Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि / कुसका / 2024–760 दिनांक 05 अक्टूबर, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उ0प्र0।

विषय : सत्र 2024–25 में स्नातक / परास्नातक / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्र–छात्राओं का ई–समर्थ पोर्टल पर किए गए पंजीकरण में की गई त्रुटियों को संशोधित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

सत्र 2024–25 में सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा स्नातक / परास्नातक / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्र–छात्राओं का ई–समर्थ पोर्टल पर किए गए प्रवेश पंजीकरण के समय पंजीकरण फार्म में हुई त्रुटियों के संशोधन हेतु **दिनांक 02.10.2024 से 04.10.2024 तक करेक्शन लॉग–इन** खोली गयी थी। उक्त तिथि व्यतीत हो जाने के उपरान्त कतिपय महाविद्यालयों द्वारा इस आशय की सूचना प्रेषित की गयी कि अभी भी उनके महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के प्रवेश पंजीकरण फार्म में करेक्शन पूर्ण नहीं हो पाए हैं तथा पुनः करेक्शन लॉग–इन खोले जाने का अनुरोध किया गया है।

अतएव, छात्रहित के दृष्टिगत प्राप्त आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के पूरित किए गए प्रवेश पंजीकरण फार्म में यदि अभी भी कोई त्रुटि शेष रह गई हो तो **दिनांक 05.10.2024 से 07.10.2024 मध्य संशोधन** कराने का कष्ट करें। उक्त तिथि के पश्चात् पुनः करेक्शन लॉग–इन खोला जाना संभव नहीं होगा।

भवदीय

(संजय कुमार)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि –

1. माननीय कुलपति जी।
2. परीक्षा नियंत्रक।
3. ई–समर्थ प्रकोष्ठ।
4. प्रभारी एजेन्सी को इस निर्देश से कि उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉग–इन तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव